अनुक्रमणिका

अ.1 सामान्य

अ.2 विदेशी मुद्रा की बिक्री

अ.3 चिकित्सा

अ.4 सांस्कृतिक दौरे

अ.5 निजी दौरे

अ.6 व्यावसायिक दौरे

अ.7 विदेशी मुद्रा अभ्यर्पण अवधि

अ.8 व्यय न की गई विदेशी मुद्रा

अ.9 दौरा व्यवस्था आदि के लिए प्रेषण

अ.10 रुपए में भुगतान

अ.11 अग्रिम प्रेषण - सेवाओं का आयात

अ.12 गारंटी जारी करना-सेवा का आयात

अ.13 200,000 अमरीकी डालर की उदारीकृत प्रेषण योजना

अ.14 प्रलेखीकरण

अ.15 पासपोर्ट पर पृष्ठांकन

अ.16 अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड

अं.17 अंतर्राष्ट्रीय डेबिट कार्ड

अ.18 स्टोर वैल्यू/ चार्ज वैल्यू कार्ड्स/ स्मार्ट कार्ड्स आदि

अ.19 कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना के अंतर्गत विदेशी प्रतिभूतियों का अधिग्रहण

अ.20 आयकर बेबाकी प्रमानपत्र

संलग्नक 1

संलग्नक 2

संलग्नक 3

संलग्नक 4

संलग्नक 5

संलग्नक 6

संलग्नक 7

संलग्नक 8

परिशिष्ट 1

परिशिष्ट 2

नोट

प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा विदेशी मुद्रा जारी करना

अ.1 सामान्य

1.1 विभिन्न चालू खाता लेनदेनों के लिए भारत में निवासी किसी व्यक्ति को विदेशी मुद्रा जारी करने के संबंध में प्राधिकृत व्यापारियों को, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम 1999 की धारा 5*(परिशिष्ट 2की मद 1 में दर्शाए अनुसार)* के अधीन भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा नियंत्रित किया जाना है, जो भारत सरकार की मई 3, 2006 की अधिसूचना जी.एस.आर.381(E) (नियमावली) द्वारा अधिसूचित विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) नियमावली, 2000 **(अनुबंध-I)** में दिए गए हैं। उपर्युक्त नियमों के अनुसार अनुसूची I में सूचीबद्ध लेनदेनों की कतिपय श्रेणियों के लिए विदेशी मुद्रा का आहरण स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। नियम की अनुसूची II में शामिल लेनदेनों की विनिमय सुविधा प्राधिकृत व्यापारी द्वारा अनुमत की जाए बशर्ते आवेदक ने उसमें दिए गए अनुसार लेनदेनों के लिए पर भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय/ विभाग से अनुमोदन प्राप्त किया है। अनुसूची III में शामिल लेनदेनों के संबंध में विनिर्दिष्ट मूल्य से अधिक प्रेषण के लिए रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन की आवश्यकता होगी। अनुसूची III में विनिर्दिष्ट प्रारंभिक मूल्यों तक विदेशी मुद्रा जारी करने के अधिकार प्राधिकृत व्यापारियों को प्रत्यायोजित किए गए हैं। नियमों की अनुसूची III में निर्धारित किए गए अनुसार विदेशी मुद्रा जारी करने के सभी आवेदन रिज़र्व बैंक के उस क्षेत्रीय कार्यालय के विदेशी मुद्रा विभाग, जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक कार्य करता है/ रहता है को, भेजे जाएं।

1.2 "आहरण" में अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड, अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड, एटीएम कार्ड, आदि का उपयोग शामिल है। "मुद्रा" में, अन्य बातों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड शामिल है। तदनुसार, अधिनियम के अधीन बनाए गए सभी नियम और विनियम तथा जारी किए गए निर्देश अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्डों, एटीएम कार्डों, अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्डों के उपयोग पर लागू हैं।

1.3 पर्याप्त विदेशी मुद्रा सुविधा और सक्षम ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए रिज़र्व बैंक ने निर्णय लिया है कि विविध गैर व्यापारिक चालू खाता लेनदेन करने के लिए कतिपय संस्थाओं को प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II के रूप में लाइसेंस दिया जाए। तदनुसार, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II निम्नलिखित गैर व्यापारिक चालू खाता लेनदेनों के लिए विदेशी मुद्रा जारी करने/ प्रेषण के लिए प्राधिकृत हैं:

(क)	निजी दौरे
(ख)	टूर ऑपरेटरों/ विदेशी एजेंटों को ट्रैवल एजेंट/ प्रिंसिपल/ होटेल द्वारा प्रेषण।
(ग)	व्यावसायिक दौरे
(घ)	वैश्विक सम्मेलनों और विशेषीकृत प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए फीस
(ङ)	अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स/ प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए (प्रशिक्षण, स्पांसरशिप और पुरस्कार राशि) प्रेषण
(च)	फिल्मों की शूटिंग
(छ)	विदेशों में चिकित्सा कराना
(ज)	कर्मचारियों की मजदूरी का संवितरण
(झ)	विदेश में शिक्षा
(ञ)	विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक गठजोड़ के तहत प्रेषण
(ट)	भारत और विदेशों में आयोजित परीक्षाओं और जीआरई, टीओईएफएल, आदि के एडिशनल स्कोर शीट की फीस के लिए प्रेषण

(ठ)	रोज़गार और विदेशों में नौकरी के आवेदन की प्रोसेसिंग और एसेसमेंट फीस
(ड)	उत्प्रवास और उत्प्रवास परामर्श फीस
(ढ)	उत्प्रवास का इरादा के लिए कौशल/ परिचय पत्र एसेसमेंट की फीस
(ण)	वीज़ा फीस
(त)	पुर्तगीज़/ अन्य सरकारों द्वारा यथापेक्षित दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए प्रोसेसिंग फीस /अंतरराष्ट्रीय संगठनों को पंजीकरण/ अभिदान/ सदस्यता फीस

1.4 नेपाल और भूटान की यात्रा और उनके निवासियों के साथ लेनदेनों के लिए विदेशी मुद्रा जारी करना अनुमत नहीं है(नियमावली 3 का खंड (ख) देखें) ।***[परिशिष्ट(2) के मद 2 में दर्शाए गए अनुसार]***

अ.2	**विदेशी मुद्रा की बिक्री**
2.1	जहां रिज़र्व बैंक / भारत सरकार ने अनुमोदन दिया है वहां अनुमोदन पर उल्लिखित वैधता अवधि के अंतर्गत ही विदेशी मुद्रा बेची जानी चाहिए और बिक्री के ब्योरों का पृष्ठांकन मूल अनुमोदन पर किया जाना चाहिए।
2.2	वित्तीय वर्ष के दौरान यात्री द्वारा ली गई विदेशी मुद्रा की राशि के संबंध में उसके द्वारा की गई घोषणा के आधार पर **यात्रा प्रयोजनों** के लिए प्राधिकृत व्यापारी विदेशी मुद्रा जारी कर सकते हैं।
2.3	यात्री चेक जारी किए जाने के मामले में यात्री प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष चेक पर हस्ताक्षर करें और यात्री चेक की प्राप्ति के लिए क्रेता की प्राप्ति सूचना रिकार्ड में रखी जाए।
2.4	यात्री को बेची जा रही समग्र विदेशी मुद्रा में से विदेशी करेंसी नोट और सिक्के के रूप में निम्नलिखित सीमा के अनुसार विदेशी मुद्रा बेची जाए।

i)	इराक, लिबिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ इरान, रशियन फेडरेशन और स्वतंत्र देशों के कॉमन वेल्थ के अन्य गणराज्यों से इतर देशों में जानेवाले यात्री	अधिकतम 2,000 अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य
ii)	इराक अथवा लिबिया जानेवाले यात्री	अधिकतम 5000 अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य
iii)	इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ इरान, रशियन फेडरेशन और स्वतंत्र राज्यों के कॉमन वेल्थ के अन्य गणराज्य की यात्रा पर जानेवाले यात्री	पूर्ण विदेशी मुद्रा जारी की जाए

2.5	विदेशी मुद्रा की बिक्री से संबंधित फार्म अ-2 प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा अन्य संबंधित दस्तावेज़ों के साथ उनके आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा सत्यापन के लिए एक साल तक रखा जाए। 5,000 अमरीकी डॉलर से कम मूल्य के विविध गैर व्यापारिक चालू खाता लेनदेनों के प्रेषण आवेदनों के लिए प्राधिकृत व्यापारी अनुबंध-**2** में संलग्न किए गए फार्म के **सरलीकृत आवेदन-व-घोषणा पत्र** (फार्म अ 2) के रूप में उपयोग करें।
2.6	जहां स्वयं के घोषणा पर प्रेषण की अनुमति है, आवेदन में सही ब्योरे प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी आवेदक पर

	रहेगी जिसने ऐसे प्रेषणों के प्रयोजनों के संबंध में ब्योरों को अभिप्रमाणित किया है।
अ.3	**चिकित्सा**
3.1	निवासियों को विदेश में चिकित्सा के लिए बगैर किसी बाधा अथवा समय की बरबादी के विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल/ डॉक्टर द्वारा दिए गए अनुमान प्रस्तुत करने का आग्रह किए बिना उसकी स्वयं की घोषणा के आधार पर कि वह भारत के बाहर चिकित्सा के लिए विदेशी मुद्रा खरीद रहा है प्राधिकृत व्यापारी 100,000 अमरीकी डॉलर या उसके समतुल्य विदेशी मुद्रा जारी कर सकते हैं।
3.2	उक्त सीमा से अधिक राशि के लिए भारत के या विदेशी डॉक्टर/ अस्पताल से प्राप्त अनुमान प्राधिकृत व्यापारी के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक है।
3.3	विदेश यात्रा में जाने के बाद बीमार पड़ गए व्यक्ति को भारत से बाहर चिकित्सा के लिए प्राधिकृत व्यापारी विदेशी मुद्रा जारी कर सकता है।
अ.4	**सांस्कृतिक दौरे** नृत्य मंडली, कलाकार आदि, जो सांस्कृतिक प्रयोजन के लिए विदेश का दौरा करना चाहते हैं, वे अपनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता के लिए भारत सरकार मानव संसाधन विकास (शिक्षा और संस्कृति विभाग) मंत्रालय में आवेदन प्रस्तुत करें। प्राधिकृत व्यापारी संबंधित मंत्रालय की स्वीकृति के आधार पर और उसके अंतर्गत उल्लिखित शर्तों के अधीन उस सीमा तक विदेशी मुद्रा दे सकते हैं।
अ.5	**निजी यात्राएं** किसी व्यक्ति को निजी दौरे के लिए नियमावली की अनुसूची III में विनिर्दिष्ट सीमा तक विदेशी मुद्रा जारी किया जा सकता है जो किसी भी प्रयोजन के लिए भारत से बाहर की यात्रा के लिए विदेशी मुद्रा ले रहा है।
अ.6	**व्यावसायिक दौरे** कारोबार करने अथवा सम्मेलन में सहभागिता अथवा विशेष प्रशिक्षण अथवा इलाज/ जांच के लिए विदेश जानेवाले मरीज के निर्वाह व्यय अथवा इलाज / जांच के लिए विदेश जानेवाले मरीज के साथ सहायक के रूप में जाने के लिए विदेशी मुद्रा नियमावली की अनुसूची III में विनिर्दिष्ट सीमा तक ।
अ.7	**विदेशी मुद्रा सौंपने की अवधि**
7.1	किसी विशेष प्रयोजन के लिए खरीदी गई विदेशी मुद्रा का उस प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जाता है तो उसका उपयोग किसी अन्य पात्र प्रयोजन के लिए, जिसके लिए संबंधित विनियम के अंतर्गत विदेशी मुद्रा का आहरण अनुमत है, किया जा सकता है।
7.2	किसी भी निवासी व्यक्ति को विदेशी मुद्रा की प्राप्ति / वसूली / खरीद / अधिग्रहण / यात्रा से लौटने की तारीख से 180 दिनों के अंदर प्राप्त / वसूली गई / खर्च न की गई / उपयोग न की गई विदेशी मुद्रा को जैसा भी मामला हो, किसी प्राधिकृत व्यक्ति को सौंपने की सामान्य अनुमति है।
7.3	180 दिनों की उदारीकृत समान समय-सीमा केवल निवासी व्यक्तियों के लिए लागू है और वह भी माल और सेवाओं का निर्यात छोड़कर ।
7.4	अन्य सभी मामलों में, विदेशी मुद्रा सौंपने के सभी विनिमय / निदेश अपरिवर्तित रहेंगे (समय-समय पर यथासंशोधित मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा 9/2000-आर बी)।
अ. 8	**व्यय न की गई विदेशी मुद्रा**
8.1	जैसा कि ऊपर कहा गया है कि यदि यात्री द्वारा विदेशी मुद्रा करेंसी नोटों के रूप में बचाकर भारत में लाई गई है

	तो उस खर्च न की गई विदेशी मुद्रा को यात्री की वापसी की तारीख से 180 दिन के भीतर किसी प्राधिकृत व्यक्ति को सौंपना होगा । इस प्रकार लाई गई विदेशी मुद्रा को यात्री उक्त विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान अपनी बाद की विदेश यात्रा के लिए उपयोग कर सकता है ।
8.2	फिर भी, वापस आनेवाला यात्री अपने पास कुल 2000 अमरीकी डॉलर की राशि तक के यात्री चेक और विदेशी करेंसी तथा असीमित विदेशी सिक्के अपने पास रख सकता है (स्पष्टीकरण:3 मई 2000 की अधिसूचना सं.फेमा.11/2000-आरबी)। यात्री इस प्रकार अपने पास रखी गई विदेशी मुद्रा का उपयोग अपनी बाद की विदेशी यात्रा में कर सकता है।
8.3	भारत में निवासी व्यक्ति, विदेश में दी गई सेवा के लिए प्राप्त भुगतान, मानदेय, उपहार, दी गई सेवाओं अथवा भारत में निवास न करनेवाले किसी व्यक्ति से किसी कानूनी देयता के भुगतान आदि किसी भी स्रोत से प्राप्त करेंसी नोट, बैंक नोट अथवा यात्री चेकों के रूप में प्राप्त विदेशी मुद्रा से भारत के प्राधिकृत व्यापारी के पास **निवासी विदेशी मुद्रा (घरेलू) खाता** खोल, रख या बनाए रख सकता है।
8.4	निवासी व्यक्ति माल और/ अथवा सेवाओं के निर्यात, रॉयल्टी, मानदेय आदि, और/ अथवा नजदीकी रिश्तेदारों (कंपनी अधिनियम में दी गई परिभाषा के अनुसार) से प्राप्त उपहार आदि से अर्जित और निवासी व्यक्तियों द्वारा सामान्य बैंकिंग के माध्यम से भारत में प्रत्यावर्तित विदेशी मुद्रा से भी खाता खोल सकता है ।
8.5	करेंसी नोट, बैंक नोट और यात्री चेकों के रूप में प्राप्त विदेशी मुद्रा में से निवासी विदेशी मुद्रा (घरेलू) खाते में जमा करने के लिए पात्र राशियां निम्नानुसार हैं :-

	(i)	विदेश यात्रा के लिए किसी प्राधिकृत व्यक्ति से अधिगृहीत और उस में से खर्च न की गई रकम
		अथवा
	(ii)	भारत से बाहर किसी भी स्थान की यात्रा के दौरान सेवा प्रदान करने के लिए प्राप्त भुगतान हो परंतु जो भारत में किए गए किसी कारोबार अथवा किसी कार्य के लिए भुगतान न हो और मानदेय अथवा उपहार के रूप में।
		अथवा
	(iii)	भारत में निवास न करनेवाले किसी व्यक्ति से उसकी भारत की यात्रा के दौरान उसके द्वारा मानदेय अथवा उपहार अथवा दी गई सेवा अथवा किसी कानूनी देयता के भुगतान स्वरूप प्राप्त;
टिप्पणी:- *यदि कोई व्यक्ति निर्धारित अवधि के बाद खर्च न की गई/ उपयोग न की गई विदेशी मुद्रा सौंपने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के पास आता है तो प्राधिकृत व्यक्ति केवल इस आधार पर विदेशी मुद्रा की खरीद से मना नहीं करेगा कि निर्धारित अवधि बीत गई है।*		
अ.9	**दौरा व्यवस्था आदि के लिए प्रेषण**	
9.1	प्राधिकृत व्यापारी, यात्री के अनुरोध पर उसके द्वारा यात्रा के लिए प्रस्तावित देशों में होटल, दौरा व्यवस्था आदि के लिए उचित सीमा तक विदेशी मुद्रा प्रेषित कर सकते हैं, बशर्ते कि वह रकम प्रचलित नियमों, विनियमों और	

	निदेशों के अनुसार यात्री द्वारा किसी प्राधिकृत व्यक्ति से खरीदी गई विदेशी मुद्रा (विदेश में निजी यात्रा के लिए आहरित विदेशी मुद्रा सहित) में से हो।
9.2	प्राधिकृत व्यापारी भारत में कार्यरत ऐसे एजेंटों के अनुरोध पर, जिनका विदेश में होटल/ एजेंटों आदि के साथ गठबंधन है, भारत के यात्रियों के लिए होटेल आवास अथवा दौरे की अन्य व्यवस्था के लिए उन्हें प्रेषण भेज सकता है बशर्ते कि प्राधिकृत व्यापारी इस बात से आश्वस्त है कि विदेशी मुद्रा का प्रेषण, संबंधित यात्री द्वारा किसी प्राधिकृत व्यक्ति से प्रचलित नियमों, विनियमों और निदेशों के अनुसार खरीदी गई विदेशी मुद्रा(विदेश में निजी यात्रा के लिए आहरित विदेशी मुद्रा सहित) में से किया जा रहा है।
9.3	प्राधिकृत व्यापारी भारत में उस एजेंट के नाम में विदेशी मुद्रा खाते खोल सकते हैं जिसका भारत से आनेवाले यात्रियों को होटल आवास देने अथवा दौरे की अन्य व्यवस्था करने के लिए विदेश के होटलों/ एजेंटों आदि के साथ गठबंधन है बशर्ते:
क)	खाते में रकम निम्नलिखित रूप में जमा की जाती है -
i)	यात्री से विदेशी मुद्रा में संग्रह की गई रकम
ii)	बुकिंग /दौरे की व्यवस्था आदि रद्द करने के कारण भारत से बाहर से लौटाई गई रकम।
ख)	विदेशी मुद्रा में नामे रकम भारत से बाहर उक्त 9.2 के अनुसार होटल, दौरा व्यवस्था के लिए किए गए भुगतान के लिए है।
9.4	प्राधिकृत व्यापारी यात्रा आयोजकों को भारत से बाहर रेल/सड़क/जल परिवहन प्रभारों की प्रेषण के लिए रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमति के बिना, एजेंट को देय कमीशन का निवल/ कीमत-लागत का अंतर,भेज सकते है। भारत में पास / टिकटों की बिक्री भारतीय रुपयों अथवा विदेश यात्रा के लिए दी गयी विदेशी मुद्रा में भुगतान पर की जा सकती है । भारतीय रुपयों में वसूली गई पास/ टिकटों की लागत को यात्री के निजी यात्रा के लिए विदेशी मुद्रा की पात्रता में समायोजित करने की आवश्यकता नहीं है ।
9.5	किसी प्राधिकृत व्यापारी के माध्यम से अग्रिम भुगतान /प्रतिपूर्ति पर भारत और नेपाल, बांगला देश, श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की यात्रा के लिए विदेशी यात्रियों हेतु यात्रा एजेंटों द्वारा ऐसी समेकित यात्रा व्यवस्था के लिए भारत में प्राप्त विदेशी मुद्रा के अंश को भारत द्वारा इन पड़ोसी देशों में यात्रा एजेंटों और होटल मालिकों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए उन देशों को भेजने की आवश्यकता है। प्राधिकृत व्यापारी इस बात का सत्यापन करने के पश्चात कि पड़ोसी देशों में भेजी जानेवाली राशि (यात्रा के लिए यदि पहले कोई राशि भेजी गयी हो तो उसे शामिल कर के) भारत को वास्तविक रूप से भेजी गयी राशि से अधिक नहीं है और हिताधिकारी के निवास का देश पाकिस्तान नहीं है, प्रेषण की अनुमति दे सकते हैं।
अ.10	**रुपये में भुगतान**
प्राधिकृत व्यापारी विदेश यात्रा (निजी यात्रा अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए) हेतु विदेशी मुद्रा की बिक्री पर 5।000 रुपये(पचास हजार रुपये मात्र) तक नकद रूप में भुगतान स्वीकार कर सकते हैं। यदि विदेशी मुद्रा की बिक्री की रकम 50 ,000 रुपये के समतुल्य रकम से अधिक हो जाती है तो भुगतान केवल	
(i)	आवेदक के बैंक खाते पर आहरित रेखांकित चेक
	अथवा
(ii)	आवेदक के दौरे को प्रायोजित करने वाली फर्म/कंपनी के बैंक खाते पर आहरित रेखांकित चेक

	अथवा
(iii)	बैंकर चेक / पे ऑर्डर / डिमांड ड्रॉफ़्ट द्वारा ही प्राप्त किया जाए।
(iv)	डेविट/क्रेडिट/प्री-पेड कार्ड बशर्ते कि
क)	अपने ग्राहक को जानिए/एएमएल दिशानर्देशों का पालन किया गया हो
ख)	विदेशी मुद्रा की बिक्री/विदेशी मुद्रा का निर्गम /यात्री चेक , बैंक द्वारा निर्धारित सीमा (क्रेडिट कार्ड/प्री-पेड कार्ड) के भीतर हों ।
ग)	विदेशी मुद्रा क्रेता /विदेशी मुद्रा यात्री चेक तथा क्रेडिट डेविट /प्री-पेड कार्ड धारक एक र वही व्यक्ति हो ।
टिप्पणी *:-जहां पर किसी एकल यात्रा/भ्रमण के लिए किसी एकल आहरण अथवा एक से अधिक बार किए गए आहरणों को मिलाकर कुल आहरित विदेशी मुद्रा की रकम 50 ,000 रुपये से अधिक हो तो उसका भुगतान चेक अथवा ड्रॉफ़्ट, द्वारा किया जाए।*	
अ.11	**अग्रिम प्रेषण - सेवाओं का आयात**
प्राधिकृत व्यापारी किसी चालू खाता लेन देन के लिए, जिसके लिए विदेशी मुद्रा स्वीकार्य है अग्रिम प्रेषण की अनुमति दे सकते हैं। फिर भी जहां पर रकम **500,000** अमरीकी डालर अथवा उसकी समतुल्य रकम से ज्यादा हो तो, भारत से बाहर स्थित किसी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बैंक से गारंटी अथवा यदि ऐसी गारंटी भारत से बाहर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बैंक की प्रतिगारंटी पर जारी की जाती हो,तो भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी से गारंटी, समुद्रपारीय हिताधिारी से प्राप्त की जानी चाहिए। प्राधिकृत व्यापारी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि अग्रिम प्रेषण के हिताधिकारी ने भारत के प्रेषक के साथ किए गए संविदा अथवा करार के दायित्वों को पूरा किया है, अनुवर्ती कार्रवाई करे।	
अ.12	**गारंटी जारी करना - सेवाओं का आयात**
प्राधिकृत व्यापारी सेवा आयात करनेवाले अपने ग्राहकों की ओर से गारंटी जारी कर सकते हैं,बशर्ते:	
क.	गारंटी राशि 100,000 अमरीकी डालर से अधिक न हो।
ख.	वह लेनदेन की वास्तविकता से संतुष्ट हो।
ग.	वह सेवाओं के आयात के लिए दस्तावेजी सबूत के सामान्य अवधि में प्रस्तुति को सुनिश्चित करता हो;और
घ.	गारंटी निवासी और अनिवासी के बीच संविदा से होनेवाली प्रत्यक्ष संविदागत देयता की सुरक्षा के लिए है।
गारंटी मांगने की स्थिति में प्राधिकृत व्यापारी को उन परिस्थितियों की रिपोर्ट मुख्य महा प्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी निवेश प्रभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई-400 001 को भेजना है जिसके कारण गारंटी मांगने की आवश्यकता पड़ी।	
अ.13	**उदारीकृत, 2,00,000 अमरीकी डॉलर की प्रेषण योजना**
13.1	इस योजना के अधीन प्राधिकृत व्यापारी अनुमत चालू अथवा पूंजी खाता लेनदेन अथवा संयुक्त रूप से दोनों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) में किसी व्यक्ति द्वारा 2,00,000 अमरीकी डॉलर के प्रेषण की मुक्त रूप अनुमति दे सकते हैं।
13.2	यह सुविधा समस्त अल्पसंख्यकों सहित व्यक्तियों को उपलब्ध है :
13.3	परिवार के सदस्यों द्वारा योजना के नियम व शर्तों के अनुपालन पर इस सुविधा के तहत, विप्रेषणों का समेकन किया किया जा सकता है ।
13.4	योजना के तहत केवल अनुमत चालू अथवा पूंजी लेखा लेनदेनों अथवा संयुक्त रूप से दोनों के लिए प्रेषण की अनुमति दी जाती है। अन्य सभी लेनदेन, जो फेमा के तहत अन्यथा अनुमत नहीं हैं और वे जो समुद्रपारीय

	मंडियों/ समुद्रपारीय प्रतिपक्ष को मार्जिन अथवा मार्जिन काल्स के लिए प्रेषण स्वरूप में हैं, को योजना के तहत अनुमति नहीं है।
13.5	निवासी व्यक्तियों को यह स्वतंत्रता है कि वे रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बगैर भारत से बाहर अचल संपत्ति अथवा शेयर अथवा कोई अन्य परिसंपत्ति अधिग्रहण कर सकते हैं और रख सकते हैं।
13.6	योजना के तहत 200,000 अमरीकी डॉलर की सीमा में निवासी व्यक्ति द्वारा उपहार और दान के लिए प्रेषण को भी शामिल किया जाएगा।
13.7	योजना के तहत विपेषणों को कला और शिल्प की वस्तुएं खरीदने में उपयोग किया जा सकता है बशर्ते कि लागू अन् कानूनों तथा भारत सरकार की मौजूदा विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों का अनुपालन किया जाये ।
13.8	इस योजना के तहत कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना के अधिग्रहण हेतु निधियों का विप्रेषण भी किया जा सकता है । यह एडीआर /जीडीआर से जुड़ी कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजनाऔर क्वालिफिकेशन शेयरों के अधिग्रहण को छोड़कर है ।
13.9	इस योजना के तहत एक निवासी व्यक्ति , म्युचुअल फंड के यूनिटों, वेंचर फंडों, अनरेटेड डेट सिक्योरिटीज, प्रॉमिसरी नोटों आदि में निवेश कर सकता है । इसके अतिरिक्त, निवासी व्यक्ति ऐसी प्रतिभूतियों को योजना के तहत विदेश में खोले गये बैंक खाते से अलग निवेश कर सकता है ।
13.10	कोई व्यक्ति, जिसने विदेश में ऋण लिया हो और एक अनिवासी भारत वापस आने पर योजना के तहत एक भारतीय के रूप में उसे लौटा सकता है ।
13.11	डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के रूप में जावक प्रेषणों के लिए या तो निवसी व्यक्ति के स्वयं के नाम में या फिर उस हिताधिकारी के नाम जिसके जरिये अपनी विदेश यात्रा के समय अनुमत लेनदेन करना चाहता हो , प्रेषक द्वारा निर्धारित प्रारूप में स्वयं की घोषणा पर योजना का प्रयोग किया जा सकता है ।
13.12	व्यक्ति रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बगैर योजना के अधीन प्रेषण के लिए भारत से बाहर स्थित बैंक के पास विदेशी मुद्रा खाता खोल सकते हैं, रख सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत पात्र प्रेषणों से होनेवाले अथवा उससे संबंधित सभी लेनदेनों को रखने के लिए विदेशी मुद्रा खाते का उपयोग किया जा सकता है।
13.13	बैंक इस योजना के तहत प्रेषण को सुविधाजनक बनाने के लिए निवासी व्यक्तियों को किसी प्रकार की ऋण सुविधाएं उपलब्ध न कराएं।
13.14	विशेष रूप से अनुसूची-I अथवा विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) विनियमावली 2000की अनुसूची-II के तहत निषिध्द किसी प्रयोजन के लिए इस योजना का प्रयोग नहीं किया जा सकता है ।
13.15	भूटान, नेपाल मॉरीसस और पाकिस्तान को किये गये प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रेणों के लिए यह योजना उपलब्ध नहीं है ।
13.16	वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (एफएटीएफ) द्वारा असहयोगी देशों के रूप में पहचाने गए देशों और वित्तीय कार्रवाई कार्यदल की वेबसाइट www.fatf-gafi.org पर यथाउपलब्ध और रिज़र्व बैंक द्वारा यथाअधिसूचित देशों और राज्य क्षेत्रों को प्रेषण के लिए उदारीकृत प्रेषण योजना उपलब्ध नहीं है।

13.17	निवासी व्यक्ति योजना के तहत लेनदेन करने के लिए **अनुबंध-3** में दिए गए आवेदन व घोषणा फार्म का उपयोग करे। **योजना के तहत विप्रेषण के लिए स्थायी खाता सं.(पीएएन) होना अनिवार्य है ।**
13.18	अप्रैल 2008 से, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंकों के लिए आवश्यक है कि वे संलग्नक-8 में मासिक आधार पर सूचना संबंधित माह के अगले माह को पांच तारीख अथवा उससे पहले प्रधारी मुख्य महाप्रबंधक,विदेशी मुद्रा विभाग(एफआइडी-ईपीडी) भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, 11वीं मंज़िल,केंद्रीय कार्यालय भवन,मुंबई-400001 को प्रस्तुत करें। विवरण की एक साफ्ट प्रति (एक्सेल फार्मेट में) fedfid@rbi.org.in को ई-मेल द्वारा भी भेजी जाए। यह संशोधित फॉर्मेट ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग सिस्टम(ओआरएफएस) के जरिये प्रेषित किया जाये जिसके लिए सभी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक, द्वारा आईडी यूजर और पासवर्ड उपलब्ध करवाये जा चुके हैं।
अ.14	**प्रलेखीकरण**
14.1	सामान्यतः रिज़र्व बैंक प्रलेखों का निर्धारण नहीं करेगा जिसे विदेशी मुद्रा जारी करने के समय प्राधिकृत व्यापारी द्वारा सत्यापित किया जाना है। इस संबंध में, प्राधिकृत व्यापारियों का ध्यान फेमा 1999 की धारा 10 की उप-धारा (5) (*परिशिष्ट के मद 3 में दर्शाए अनुसार*)की ओर आकर्षित किया जाता है जो यह प्रावधान करता है कि किसी प्राधिकृत व्यक्ति से यह अपेक्षा होगी कि विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने का इच्छुक व्यक्ति एक ऐसी घोषणा प्रस्तुत करे और ऐसी सूचना दे जो उसे अच्छी तरह से संतुष्ट कर सके कि लेनदेन किसी अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत जारी किसी नियम, अधिनियम, अधिसूचना निदेश अथवा आदेश के प्रावधानों के उल्लंघन अथवा उससे बचने के प्रयोजन से नहीं किया गया है।
14.2	प्राधिकृत व्यापारियों से यह भी अपेक्षा है कि वे रिज़र्व बैंक द्वारा सत्यापन के लिए ऐसी सूचना/ प्रलेखीकरण का रेकार्ड रखें जिसके आधार पर लेनदेन किया गया है। यदि आवेदक ऐसी आवश्यकताओं का अनुपालन करने से मना करता है अथवा उसका असंतोषजनक अनुपालन करता है, तो प्राधिकृत व्यक्ति ऐसे लेनदेन करने से लिखित रूप में मना कर सकता है तथा यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि व्यक्ति का उल्लंघन/ अपवंचन का इरादा है तो उसकी सूचना रिज़र्व बैंक को दे।
14.3	इसके अलावा, प्राधिकृत व्यापारी को विशेष रूप से यह सूचित किया गया है कि वे किसी समर्थक दस्तावेज़ की मांग न करते हुए किन्तु लेनदेनों के कतिपय मूल ब्योरों को शामिल करते हुए स्वघोषणा और फार्म ए 2 के प्रस्तुतीकरण के आधार पर विदेश में रोज़गार, इमिग्रेशन, विदेश में रहनेवाले नज़दीकी संबंधियों के जीवन निर्वाह, विदेश में शिक्षा अथवा चिकित्सा के लिए 100,000 अमरीकी डॉलर तक विदेशी मुद्रा जारी करें।इसके अलावा, किसी देश (नेपाल और भूटान को छोड़कर) की एक से अधिक निजी यात्रा के लिए एक वित्तीय वर्ष में प्राधिकृत व्यापारी द्वारा स्व-घोषणा के आधार पर 10,000 अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य राशि जारी करने की वर्तमान सुविधा जारी रहेगी।
अ.15	**पासपोर्ट पर पृष्ठांकन**
	प्राधिकृत व्यापारी के लिए यह बाध्यता नहीं होगी कि वह विदेश यात्रा के लिए बेची गई विदेशी मुद्रा की रकम व्यक्ति के पासपोर्ट में पृष्ठांकित करें। परंतु यात्री के अनुरोध पर वे अपनी मोहर, तारीख हस्ताक्षर के साथ और यात्री को बेची गई विदेशी मुद्रा को दर्ज करे।

अ.16	**अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड**
16.1	विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) नियमावली, 2000 के नियम 5 में दिए गए प्रतिबंध निवासियों द्वारा भारत से बाहर दौरे पर रहते समय खर्चों के भुगतान के लिए उनके द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर लागू नहीं होगी।
16.2	निवासी इंटरनेट पर किसी भी प्रयोजन, जिसके लिए भारत में प्राधिकृत व्यापारी से विदेशी मुद्रा खरीदी जा सकती है यथा पुस्तकों के आयात, डाउनलोड करने योग्य सॉफ्टवेयर की खरीद अथवा एक्ज़िम नीति के अधीन अनुमति के योग्य किसी अन्य मदों के आयात लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।
16.3	अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग लाटरी टिकट, प्रतिबंधित अथवा गैर कानूनी घोषित पत्रिकाओं जैसी निषिद्ध वस्तुओं की खरीद, घुड़दौड़ जुए में सहभागिता, कॉल बैंक सर्विस हेतु भुगतान आदि के लिए इंटरनेट पर अथवा अन्यथा नहीं किया जा सकता है चूंकि ऐसी मदों/ कार्यकलापों के लिए विदेशी मुद्रा आहरण की अनुमति नहीं है।
16.4	इंटरनेट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के उपयोग के लिए अलग से कोई सकल मौद्रिक सीमा निर्धारित नहीं की गई है।
16.5	वर्तमान विदेशी मुद्रा विनियमावली के अंतर्गत यथाअनुमत भारत में अथवा विदेश स्थित बैंक में किसी प्राधिकृत व्यापारी के पास विदेशी मुद्रा खाता रखनेवाले निवासी व्यक्ति विदेशी बैंकों और अन्य ख्यातिप्राप्त एजेंसियों द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड (आइसीसी) प्राप्त कर सकते हैं। भारत या विदेश में क्रेडिट कार्ड पर हुए खर्चे कार्ड धारक के ऐसे विदेशी मुद्रा खाता/ खाते में रखी गई निधियों अथवा प्रेषणों, यदि कोई हो, के माध्यम से भारत से केवल उसी बैंक के माध्यम से पूरे किए जा सकते हैं जहां कार्ड धारक का चालू अथवा बचत खाता है। इस प्रयोजन के लिए प्रेषण कार्ड जारी करनेवाली एजेंसी को सीधे किया जाए और किसी तीसरी पार्टी को नहीं।
16.6	लागू ऋण सीमा कार्ड जारी करेनवाले बैंक द्वारा निर्धारित सीमा होगी। इस सुविधा के अंतर्गत प्रेषणों के लिए,यदि कोई हो, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किसी प्रकार की मौद्रिक सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

अ.17	**अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड**
17.1	विदेशी मुद्रा का कारोबार करने के लिए प्राधिकृत बैंक अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड जारी कर रहे हैं जिसका उपयोग निवासी अपने विदेश दौरे में विदेश में नकदी आहरण अथवा व्यापारी प्रतिष्ठान में भुगतान के लिए कर सकता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड का उपयोग केवल अनुमत चालू खाता लेनदेन के लिए किया जा सकता है तथा समय-समय पर यथासंशोधित विनियमों की अनुसूची में उल्लिखित मदवार सीमाएं इन कार्डों के उपयोग के माध्यम से किए गए भुगतानों पर समान रूप से लागू हैं।
17.2	अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड का उपयोग लाटरी टिकट, प्रतिबंधित अथवा गैर कानूनी घोषित पत्रिकाओं

	जैसे निषिद्ध वस्तुओं की खरीद घुड़दौड़ जुए में सहभागिता, कॉलबैक सर्विसेज़ हेतु भुगतान आदि अर्थात् ऐसी मदें/ क्रियाकलाप, जिसके लिए विदेशी मुद्रा के आहरण की अनुमति नहीं है के लिए इंटरनेट पर नहीं किया जा सकता है।
17.3	एक कैलेंडर वर्ष में,अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड धारक द्वारा 100,000 अमरीकी डालर से अधिक के समग्र उपयोग के मामले में, प्राधिकृत व्यापारी बैंक का अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग/विदेशी मुद्रा विभाग प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर की स्थिति के अनुसार एक विवरण (**अनुबंध-5** के प्रोफार्मा के अनुसार) प्रस्तुत करे। विवरण अनुवर्ती वर्ष के जनवरी 20 को अथवा उससे पहले मुख्य महाप्रबंधक,विदेशी मुद्रा विभाग,बाह्य भुगतान प्रभाग ,केंद्रीय कार्यालय,मुंबई -400001 को पहुंच जाना चाहिए।
अ.18	**स्टोर वैल्यू कार्ड्स/ चार्ज कार्ड्स/ स्मार्ट कार्ड्स आदि**
	निजी/ व्यापारिक दौरे पर विदेश की यात्रा करनेवाले निवासियों को कतिपय प्राधिकृत व्यापारी बैंक स्टोर वैल्यू कार्ड्स/ चार्ज कार्ड्स/ स्मार्ट कार्ड्स भी जारी करते हैं जिसका उपयोग समुद्रपारीय व्यापार प्रतिष्ठानों में भुगतान साथ ही एटीएम से नकदी आहरण के लिए किया जाता है। ऐसे कार्ड्स जारी करने के लिए रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति की आवश्यकता नहीं है। फिर भी, ऐसे कार्ड्स का उपयोग अनुमत चालू खाता लेनदेनों तक सीमित है तथा समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के तहत निर्धारित सीमा के अधीन है।
अ.19	**कर्मचारी टॉक विकल्प योजना (ईसीओपी) के अंतर्गत विदेशी प्रतिभूतियों का अधिग्रहण**
	किसी विदेशी कंपनी के भारतीय कार्यालय अथवा शाखा जिसमें विदेशी धारिता 51% से कम नहीं है, के किसी कर्मचारी अथवा निदेशक को उपर्युक्त योजना के अधीन बगैर किसी मौद्रिक सीमा के विदेशी प्रतिभूति के अधिग्रहण की अनुमति है। वे शेयरों की बिक्री के लिए भी स्वतंत्र हैं बशर्ते उसकी प्राप्तियों को भारत को प्रत्यावर्तित किया जाता है।
अ.20	**आयकर समाशोधन**
	भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के प्रत्यक्ष कर के केन्द्रीय बोर्ड द्वारा अक्तूबर 9, 2002 के उनके परिपत्रसं.10/2002 में निर्धारित फार्मेटों (संलग्नक 4)में प्रेषक द्वारा दिए गए वचन पत्र और सनदी लेखाकार से प्राप्त प्रमाणपत्र की प्रस्तुति पर प्राधिकृत व्यापारी अनिवासी को प्रेषण की अनुमति देगा (नवंबर 26, 2002 का हमारा ए.पी.(डीआइआर सिरीज़) परिपत्र सं.56 देखें)।

****

अनुबंध- 1

(मास्टर परिपत्र का पैरा 1.1)

विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) नियम, 2000

अधिसूचना जीएसआर 381 (E) दिनांक 3 मई 2000 (समय-समय पर यथा संशोधित)*:- केंद्रीय सरकार, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 5 और धारा 46 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श से लोक हित में इसे आवश्यक समझते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात;

1.संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :-(1)इन नियमों को विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) नियम, 2000 कहा जाएगा।

(2) ये 1 जून 2000 को प्रभावी होंगे ।

2.परिभाषाएं :- **इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो ;**

(क) **"अधिनियम"** का अभिप्राय विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 (1999 का 42) है ;

(ख) **"आहरण"** का अभिप्राय किसी प्राधिकृत व्यक्ति से विदेशी मुद्रा का आहरण है और जिससे साख पत्र खोलना या अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड या अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड या एटीएम कार्ड या किसी अन्य वस्तु, चाहे उसका कोई भी नाम हो और जिससे विदेशी मुद्रा देयता उत्पन्न होता है, शामिल है;

(ग) **"अनुसूची"** का अभिप्राय इन नियमों से संलगन अनुसूची है;

(घ) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में हैं।

3.विदेशी मुद्रा आहरण पर प्रतिबंध :- किसी व्यक्ति द्वारा निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए विदेशी मुद्रा आहरण निषिद्ध है , अर्थात्

क) अनुसूची I में विनिर्दिष्ट कोई लेनदेन; या

ख) नेपाल और / या भूटान की यात्रा; या

ग) नेपाल या भूटान में निवासी व्यक्ति के साथ कोई लेनदेन;

बशर्ते भारतीय रिज़र्व बैंक, ऐसी शर्तों के अधीन जैसा वह विशेष या साधारण आदेश द्वारा अनुबद्ध करना आवश्यक समझे, खंड (ग) के निषेध में छूट दे।

4. भारत सरकार का पूर्व अनुमोदन :- कोई व्यक्ति भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना अनुसूची II में शामिल किसी लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा का आहरण नहीं करेगा;

बशर्ते यह नियम वहाँ लागू नहीं होगा, जहाँ भुगतान प्रेषक के निवासी विदेशी मुद्रा (आरएफसी) खाते में जमा निधि से किया जाता है ।

5. **रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन** :- कोई भी व्यक्ति रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना अनुसूची III में शामिल किसी लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा का आहरण नहीं करेगा; बशर्ते यह नियम वहाँ लागू नहीं होगा जहाँ भुगतान प्रेषक के निवासी विदेशी मुद्रा (आरएफसी) खाते में जमा निधि से किया जाता है;

6. (1) नियम 4 या 5 की कोई बात, प्रेषक के विदेशी मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा (ईईएफसी) खाते में धारित निधियों में से आहरण पर लागू नहीं होगी।

(2)उपनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, नियम 4 या नियम 5 के अधीन लगाए गए प्रतिबंध वहाँ लागू रहेंगे जहाँ विदेशी मुद्रा अर्जक विदेशी (ईईएफसी) खाते से आहरण को अनुसूची II की मद 10 और 11 या अनुसूची III की मद 3,4,11,16 और 17 में विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए है ।

7. **भारत के बाहर रहते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग**

भारत से यात्रा पर रहते हुए किए गए व्यय के लिए व्यक्ति द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर नियम 5 की कोई बात लागू नहीं होगी।

अनुसूची - 1
लेन देन, जिनकी मनाही है

(नियम 3 देखिए)

1. लाटरी की जीत में से प्रेषण ।
2. घुड़दौड़ / घुड़सवारी आदि या किसी अन्य /शौक से हुई आय का प्रेषण ।
3. लाटरी टिकट, प्रतिबंधित/ गैर कानूनी घोषित पत्रिकाओं की खरीद, फ़ुटबाल पूल, घुड़ दौड़ में दांव लगाने आदि के लिए प्रेषण।
4. भारतीय कंपनियों की विदेशों में संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में इक्विटी निवेश के लिए किए गए निर्यात पर कमीशन का भुगतान ।
5. किसी कंपनी द्वारा लाभांश प्रेषण जिसको लाभांश संतोलन की अपेक्षा लागू है।
6. चाय और तंबाकू के निर्यातों के बीजक मूल्य के 10% कमीशन को छोड़कर रुपए स्टेट क्रेडिट रूट के अधीन निर्यात पर कमीशन का भुगतान ।
7. दूरभाष के "काल बैक सर्विसेज" से संबंधित भुगतान ।
8. अनिवासी विशेष रुपए खाते में रखी निधियों पर ब्याज की आय से प्रेषण।

अनुसूची - II

लेनदेन,जिन्हें केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन की आवश्यकता है

(नियम 4 देखिए)

प्रेषण का प्रयोजन	**भारत सरकार का मंत्रालय/विभाग जिसका अनुमोदन अपेक्षित है ।**
1. सांस्कृतिक यात्राएं	मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग)
2. किसी राज्य सरकार या सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पर्यटन, विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय बोली (10,000 अमरीकी डॉलर से अधिक) से भिन्न प्रयोजन के लिए विदेशी प्रिंट मीडिया में विज्ञापन	वित्त मंत्रालय,(आर्थिक कार्य विभाग)
3. सरकारी क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भाड़े पर लिए गए जलयान के माल भाड़े का प्रेषण	भूतल परिवहन मंत्रालय (माल भाड़ा स्कंध)
4. सरकारी विभाग या सरकारी क्षेत्र के उपक्रम द्वारा सीआईएफ के आधार पर (अर्थात एफओबी और एफएएस पर आधारित को छोड़कर) आयात का भुगतान	भूतल परिवहन मंत्रालय (माल भाड़ा स्कंध)
5. अपने विदेश स्थित एजेंटों को प्रेषण करने वाले बहुविध परिवहन संचालक	पोत परिवहन महानिदेशक से पंजीकरण प्रमाण पत्र
6. टीवी चैनल और इंटरनेट सेवा देने वालों द्वारा ट्रांसपॉडर के किराए का प्रेषण	सूचना और प्रसारण मंत्रालय संचार और सूचना तकनीकी मंत्रालय
7. कंटेनर रोक रखने के लिए पोत परिवहन महानिदेशक द्वारा निर्धारित प्रभार से अधिक दर का प्रेषण	भूतल परिवहन मंत्रालय (पोत परिवहन महानिदेशक)

अनुसूची III

(नियम 5 देखिए)

1. हटा दिया गया
2. किसी देश (नेपाल और भूटान को छोड़कर) में एक या अधिक बार निजी यात्रा के लिए एक कलैंडर वर्ष में 10,000 अमरीकी डॉलर उसके समतुल्य से अधिक मुद्रा जारी करना।
3. @ प्रतिवर्ष प्रति प्रेषक / दाता, **5000** अमरीकी डॉलर से अधिक का उपहार प्रेषण ।
4. # प्रतिवर्ष प्रति प्रेषक/दाता **5000** अमरीकी डॉलर से अधिक का दान।
5. रोज़गार के लिए विदेश जानेवाले व्यक्तियों के लिए **100,000** अमरीकी डॉलर से अधिक के लिए मुद्रा सुविधाएं ।
6. **100,000** अमरीकी डॉलर से अधिक या देश में उत्प्रवास के लिए निर्धारित रकम के लिए मुद्रा सुविधाएं ।
7. विदेश में रह रहे नज़दीकी रिश्तेदारों के भरण पोषण के लिए प्रेषण :
   (i) जो निवासी है किंतु भारत में स्थायी रूप से नहीं रहता है उसके निवल वेतन से अधिक (कर कटौती, भविष्य निधि में अंशदान और अन्य कटौतियों के बाद) और

   (क) जो पाकिस्तान से भिन्न किसी विदेशी राज्य का नागरिक है,

   (ख) भारत का नागरिक हैं, जो ऐसी विदेशी कंपनी के भारत स्थित किसी कार्यालय अथवा शाखा अथवा सहायक कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम में प्रतिनियुक्ति पर है।

   (ii) अन्य मामलों में प्रति प्राप्तिकर्ता प्रति वर्ष **100,000** अमरीकी डॉलर से अधिक।

   स्पष्टीकरण : *इस मद के प्रयोजन के लिए, किसी विनिर्दिष्ट अवधि हेतु अपने नियोजन अथवा प्रतिनियुक्ति के कारण (अवधि की लंबाई पर ध्यान दिए बिना) या किसी विनिर्दिष्ट कार्य या कर्तव्यभार के लिए भारत में निवास करने वाला कोई व्यक्ति जिसकी निवास की अवधि तीन वर्ष से अधिक है, निवासी है किंतु स्थायी तौर पर निवासी नहीं है ।*
